# रणजीत टाइम्स

वर्ष 1 - अंक 42
सोमवार 13 जनवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585


## जिले की पत्रकारिता के सशक्त हस्ताक्षर मूर्धन्य पत्रकार स्वर्गीय श्री यशवंत घोड़ावत की 11 वी पुण्यतिथि के अवसर पर जिला पत्रकार संघ झाबुआ की इकाई पत्रकार संघ कुंदनपुर द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं पत्रकारों के महासम्मेलन का आयोजन

**रणजीत टाइम्स (राजेश सोनी)**

झाबुआ। 20 जनवरी सोमवार को जिले के ग्राम कुंदनपुर में किया जाएगा । जिला पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष राजेश सोनी , महासचिव अक्षय भट्ट एवम कुंदनपुर पत्रकार संघ अध्यक्ष राधेश्याम परिहार ने बताया कि आयोजन में अथिति के रूप में धार के वरिष्ठ पत्रकार प.छोटू शास्त्री, प्रख्यात कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी, कोदण्ड गर्जना न्यूज़ पेपर की चीफ एडिटर सुश्री शीतल राय, रतलाम से प्रेस रिपोर्टर सुश्री अदिति मिश्रा, झाबुआ विधायक डॉ विक्रांत भूरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे । विशेष अतिथि के रूप में कुंदनपुर पुलिस चौकी प्रभारी दीपक देवरे, स्थानीय समाजसेवी निहालचंद पड़ियार व मदनलाल पांचाल आयोजन में उपस्थित होंगे। जिला पत्रकार संघ के संरक्षक मनोज चतुर्वेदी, हरिशंकर पंवार, संजय भटेवरा, ठा निर्भय सिंह ने बताया कि आयोजन में स्वर्गीय श्री घोड़ावत जी को श्रद्धांजलि देने के साथ वर्तमान दौर की पत्रकारिता की दिशा पर विमर्श होगा । इसके साथ ही सर्वकालिक संघर्षशील पत्रकारिता सम्मान (जो मरणोपरांत आजीवन पत्रकारिता करने वाले पत्रकार के परिजनों को दिया जाएगा) , आजीवन प्रखर पत्रकारिता व उदयमान पत्रकारिता पुरस्कार भी होगा । इस वर्ष से स्व श्री महेशचंद्र जी जानी की स्मृति में सर्वकालिक सक्रिय पत्रकार पुरूस्कार भी दिया जाएगा। क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों एवम सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालो का सम्मान किया जाएगा । कार्यक्रम 20 जनवरी सोमवार को श्री विष्णु विद्या विहार स्कूल कुंदनपुर में प्रात 11 बजे से आयोजित होगा ।आयोजन समिति के गोविंदसिंह ठाकुर, केशवसिह ठाकुर,अन्तिमसिह ठाकुर ,कृष्ण पालसिंह ठा कुर ने सभी पत्रकार साथियों से आयोजन में पधारने हेतु निवेदन किया है।

## देश की सबसे पुरानी पार्टी के 24 अकबर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय से पार्टी का झंडा उतार दिया गया है

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**



**इंदौर**। कल कांग्रेस का नया मुख्यालय 9A कोटला रोड स्थित नए कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा, सन् 1978 में 24 अकबर रोड स्थित वेंकट स्वामी के घर को कांग्रेस मुख्यालय बनाया गया था,लगभग 47 साल 24 अकबर रोड स्थित कार्यालय से कांग्रेस को संचालित किया गया। यह वहीं मुख्यालय है जहां कांग्रेस सन् 1985 में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करते हुए 414 सीटें जीतने में सफल हुई थी,वहीं साल 2014 आते-आते कांग्रेस 44 सीटों पर सिमट गई। कांग्रेस के नए मुख्यालय का नाम "इंदिरा भवन" रखा गया है।वर्ष 2009 में तत्कालीन UPA चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने 28 दिसंबर 2009 को शिलान्यास किया था और अब इसका कल औपचारिक रूप से उद्घाटन किया जाएगा।

# बिना समुचित कारण के बैंक प्रकरणों को नहीं करें अस्वीकृत- कलेक्टर

### एसबीआई- बीओआई के प्रबंधक नहीं ले रहे रुचि



शाजापुर, निप्र। जिले में बड़ी संख्या में अस्वीकृत किये गये प्रकरणों पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर ऋजु बाफना ने कहा कि बिना समुचित कारण के बैंक प्रकरणों को अस्वीकृत नहीं करें। शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में भारतीय स्टेट बैंक एवं बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधकों द्वारा रूची नहीं लेने के कारण उनके विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को पत्र लिखने के निर्देश दिये है। उन्हौने शासन की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना (पीएमएफएमई), राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए संपन्न हुई विशेष डीएलसीसी की बैठक में कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने अस्वीकृत प्रकरणों की गहनता के साथ समीक्षा करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर को निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों की बैठक लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए लक्ष्य दें और प्रति सप्ताह समीक्षा करें। कार्य नहीं करने वाले शासकीय सेवकों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करें। कलेक्टर ने पीएमएफएमई योजना में बड़े प्रकरण लगाने के निर्देश दिये। एनएलएम योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ. प्रशांत महाडिक को बैंकों में अधिक प्रकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पशुपालन गतिविधियों के लिए किसानों को दिये जाने वाले क्रेडिट कार्ड बनाने की भी समीक्षा की। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर विनोद कुशवाह, सीसीबी सीईओ विशेष श्रीवास्तव, उपसंचालक उद्यानिकी मनीष चौहान, महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती मेघा सुमन, जिला संयोजक श्रीमती मीना मण्डलोई सहित विभिन्न बैंकों के समन्वयक अधिकारी एवं शासकीय विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## महाराजा अग्रसेन परमार्थ सेवा समिति द्वारा मकर संक्रांति की उपलक्ष में वितरण किया खिचड़ी एवं हलवा का प्रसाद

**रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)**




**शिवपुरी। अग्रवाल संगठन रामबाग द्वारा मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में शिवपुरी मै स्थित गुरुद्वारा चौक पर खिचड़ी एवं हलवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन के अध्यक्ष ने सभी अतिथियों को मकर संक्रांति पर्व का महत्व बताते हुए शुभकामनाएं दीं। कहा सामाजिक एकता का संदेश देता है खिचड़ी पर्व।**

कार्यक्रम का शुभारम्भ मै महाराजा अग्रसेन जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके परान्त सबी श्रद्धालुओं व राहगीरों को खिचड़ी एवं हलवा वितरण किया गया। अतिथियों ने कहा कि शुभफलदायक है मकर संक्रांति का पर्व। बच्चों से लेकर संगठन के सभी सदस्यों की सहभागिता रही है। युवाओं का इस पर्व से जुड़ना और सहयोग करना युवा पीढी में सनातन संस्कृति के प्रति नई दिशा प्रदान करेगी इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय गुप्ता अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग बालाजी राधेश्याम गर्ग भटनागर वाले धीरेंद्र गोयल वाले वीरेंद्र गुप्ता केला देवी पदम जैन कमल गुप्ता मुकेश गुप्ता मुकेश मित्तल मुकेश मित्तल राकेश गर्ग टिल्लू विमल भटनागर आदि उपस्थित थे।




## हर्षोल्लास के साथ मना मकर संक्रांति पर्व

# विजयवर्गीय ने चलाया बल्ला महापौर ने उड़ाई पतंग

### आनंद उत्सव के अंतर्गत मकर संक्रांति पर नेहरू स्टेडियम में पतंग महोत्सव

इंदौर(नप्र)। मंगलवार को मकर सक्रांति का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के आह्वान पर मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नेहरू स्टेडियम में आनंद उत्सव के अंतर्गत पतंग महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में भारतीय संस्कृति की अनूठी झलक पेश करते हुए पारंपरिक खेल जैसे पतंगबाजी, गिल्ली-डंडा, सितोलिया, फुटबॉल आदि को शामिल किया गया। हालाकि इसी कड़ी में कनकेश्वरी मैदान पर भी मकर सक्रांति का आयोजन किया गया जिसमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने क्रिकेट के साथ, सितोलिया समेत अन्य गेम्स का आनंद स्थानीय जनता के साथ लिया। वहीं नेहरु स्टेडियम पर भी महापौर के आतिथ्य में आयोजन किया जिसमें महापौर ने पतंगबाजी का आनंद लिया।

नेहरु स्टेडियम के आयोजन में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, कलेक्टर आशीष सिंह, निगम आयुक्त शिवम वर्मा के साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सितोलिया, गिल्ली डंडा, फुटबॉल के साथ ही पतंग बाजी में हाथ आजमाएं। महापौर ने इस दौरान कहा कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देना और नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं से जोड़ना था। आयोजन के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पारंपरिक खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने सितोलिया, गिल्ली डंडा, फुटबॉल और पतंगबाजी का आनंद लेते हुए उत्सव को और अधिक रोचक बनाया।

### कनकेश्वरी गरबा परिसर में भी आयोजन

इस दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 के कनकेश्वरी गरबा परिसर में आज मकर संक्रांति महोत्सव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। मंत्री विजयवर्गीय ने इस मंगल अवसर पर स्वजनों के संग सहभागिता कर पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के दौरान पतंगबाजी की उमंगपू र्ण छटा ने उत्सव का उत्साह और बढ़ा दिया। भगवान सूर्यदेव से प्रार्थना है कि यह पर्व हर किसी के जीवन में सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। आयोजन में विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि व आमजन शामिल थे।

# मालवा प्रांत के पहले संघचालक अष्ठाना का निधन

### सीएम मोहन यादव ने जताया शोक



इंदौर(नप्र)। मालवा प्रांत के पहले प्रांत संघचालक और वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकुमार अष्ठाना का मंगलवार सुबह निधन हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 2 बजे उनके निवास 15 संवाद नगर से रीजनल पार्क मुक्ति धाम निकली जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

कृष्णकुमार अष्ठाना, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत के पूर्व माननीय संघचालक थे, अपने सादगीपूर्ण और कर्मठ व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। वे देवपुत्र समाचार पत्रिका के संस्थापक और संपादक भी थे। इसके अतिरिक्त, वे विद्याभारती मध्य क्षेत्र के पूर्व सचिव और इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष रह चुके हैं।

**सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा-** 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत के पूर्व माननीय संघचालक, वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी कृष्णकुमार अष्ठाना जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें।'

**सम्मानों से विभूषित व्यक्तित्व-** डॉ. विवेक दवे ने बताया कि अष्ठाना जी अपने जीवन में हमेशा नेपथ्य में रहकर बड़े कार्य करते रहे। उनके योगदान को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। उन्हें विभिन्न संगठनों और संस्थानों से कई सम्मानों से नवाजा गया।

-मध्यभारत हिंदी साहित्य सभा, ग्वालियर (1996)

-नागरी बाल साहित्य सम्मान, बलिया (1996)

-'संपादक रत्न' सम्मान, बस्ती (2000)

-मालवा शिक्षा सम्मान (1998)

-राष्ट्रीय बाल साहित्य सम्मान, अकोला

-सूर्योदय सम्मान हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग का श्रेष्ठ सम्मेलन सम्मान (2002)

- श्रीकृष्ण सरल सम्मान, इंदौर

कृष्णकुमार अष्ठाना के छोटे भाई और संघ के जिला सह बौद्धिक प्रमुख, जगन्नाथ विवेक अष्ठाना ने कहा कि उनका जाना परिवार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।



# यादव समाजजन पहुंचे गोपाल मंदिर, किया शुद्धिकरण

**इंदौर(नप्र)।** इंदौर के प्राचीन गोपाल मंदिर को शादी के लिए किराए पर देने और वहां गंदगी फैलाने को लेकर यादव समाज में आक्रोशित है। मंगलवार को अहिल्या माता की प्रतिमा, राजबाड़ा पर बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग एकत्र हुए। उन्होंने अहिल्या माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समाजजनों के साथ कई पंडित और पुजारी भी मौजूद थे। ये सभी भजन-कीर्तन करते हुए समूह में गोपाल मंदिर पहुंचे। रास्ते भर 'जय माधव, जय यादव' के नारे लगाए।

समाजजन राकेश सिंह यादव और हिमांश यादव के नेतृत्व में पंडितों ने मंदिर का शुद्धिकरण किया। मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ वहां पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन किया गया। इसके बाद आरती की गई। राकेश सिंह यादव ने आरोप लगाया कि किसके कहने पर मंदिर को किराए पर दिया गया। यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि, सामान्य तौर पर किसी व्यक्ति या अधिकारी के कहने पर तो नहीं दिया गया। दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# श्री गुजराती समाज, इन्दौर द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर पतगोंत्सव मनाया

इंदौर(नप्र)। श्री गुजराती समाज, इन्दौर के अध्यक्ष-प्रदीपकुमार षाह, उपाध्यक्ष एवं गैर शैक्षणिक समिति के चेयरमेन-गोविंदभाई पटेल, मानद् महामंत्री-पंकजभाई संघवी एवं सांस्कृतिक समिति के कन्वीनर-विरेन्द्रभाई पटेल ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मकर सक्रांति के पावन पर्व पर श्री गुजराती समाज, इन्दौर द्वारा आज ह्यह्यपतंगोत्सवह्लह्ल का आयोजन किया गया। ए.एम.एन. इंग्लिश मिडियम स्कूल, स्कीम नं. 54, ए.बी. रोड पर आयोजित इस उत्सव में आसमान छूती पतंगो के साथ गुजराती व्यंजनों एवं गीत-संगीत का भी लुफ्त गुजराती परिवारो ने उठाया।

पतंगोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि विमलभाई शाह, विषेष अतिथि महेषभाई पाटलिया तथा कार्यक्रम अध्यक्ष प्रदीपकुमार शाह के कर-कमलो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण गोविन्दभाई पटेल ने दिया, अतिथि परिचय एवं कार्यक्रम का सुंदर संचालन नवनीतभाई पटेल ने किया एवं आभार प्रदर्षन पुनितभाई चावड़ा द्वारा किया गया।

समाज के अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि मकर सक्रांति पर्व गुजरात का सबसे बडा त्यौहार है, जहॉ पर सभी लोग अपने परिवार के साथ पूरे जोष से पतंगबाजी करते है और खान-पान की भी विशेष व्यवस्था रहती है। श्री गुजराती समाज, इन्दौर ने गुजरात की इस परम्परा को कई वर्षो से बखूबी निभा रहा है।



इस उत्सव में बडी संख्या में पुरूषो, महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर समाज की व्यवस्थापक समिति के सदस्यगण, बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के सदस्यगण उपस्थित हुए। साथ ही समाज कार्यालय के स्टाफ, समस्त विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ उपस्थित थे। यहॉ छोटी-बडी मिलाकर सैकडो सतरंगी पतगें आसमान छूती नजर आई, वहीं काटा है.... ढील दे, और इसको खींच... उसको छोड.... जैसी आवाजे गुंजती रही। पतंग उडाने के साथ-साथ गुजराती व्यंजनों जिसमें दाबेली, खमण, थेपला, पावभाजी, भेल, आईस्क्रीम इत्यादि के स्टॉल लगाये गये। जहॉ समाजजनों ने इन व्यंजनों का लुफ्त लिया। विषेष रूप से इस आयोजन में निःषुल्क पतंग वितरण, मिकी-माउस, झूला-चक्री, बग्गी-घोडा एवं खेल-कूद एवं गीत-संगीत की व्यवस्था रखी गई थी।



# श्रद्धा, आस्था और उल्हास के साथ मनाया गया मकर संक्रांति महापर्व

## गायों को गुड़, हरा चारा, चना आदि के साथ ही दान, पुण्य स्नान ध्यान का दौर सुबह देर शाम तक जारी रहा

**महू।** विकासखंड में मकर संक्रांति महापर्व श्रद्धा भाव से मनाया जा रहा है। सुबह से ही स्नान ध्यान, देव दर्शन के साथ ही गुड़, धानी आदि का प्रसाद चढ़ाया गया। वहीं गोवंश को हरा ,चारा, गुड़ आदि खिलाने का सिलसिला दोपहर बाद तक भी जारी है। इधर आसमान रंग बिरंगी पतंगों से सराबोर नजर आया, खासकर बच्चों व युवाओं में पतंगबाजी का क्रेज और एक दूसरे से पेज लड़ाकर पतंग व डोर से जोर आजमाइश और पतंग काटने के बाद का उल्हास देखते ही बन रहा था। बहुमंजिला इमारतों से लेकर मैदान तक पतंग शौकीनों का जमावड़ा पर्व और संस्कृति बयां कर रहा है। इधर तमिल समाज ने पोंगल तो पंजाबी लोहड़ी व सिंधी समाज ने लाल लोई पर्व परंपरानुसार मनाया। इधर अनेक लोगों ने परंपरा के तहत गुल्ली डंडा और सितोलिया भी खेला। वहीं अवकाश के चलते पाताल पानी, जाम गेट सहित अन्य पिकनिक स्थानों पर खासी भीड़ नजर आई, यहां भी मौज मस्ती, सेर सपाटे के साथ ही पतंगबाजी, गिल्ली और डंडा, क्रिकेट की खुमारी छाई रही।

## आराधना मकर संक्रांति की



**महू।** सूर्य आराधना,मकर संक्रांति महापर्व,प्रयागराज महाकुंभ में आस्था और श्रद्धा का सैलाब और दिन भरघर घर डिजिटल लाइव,बाक्स.... मकर संक्रांति महापर्व सुबह से ही स्नान ध्यान और मंदिर दर्शन के बाद गो वंश को हरा चारा डालने का सिलसिला.... ठिठुरन भरी शीतलहर लिहाजा चौराहों पर धूप अलाव, मजमा भी.... इस दौरान जगह जगह हरा चना, चारा बेचने वाले और खिलाने वालों के बीच मोल भाव भी रोचकता के बीच ऐसा भी गाय माता का पेट और चारा खिलाने वालों में एक तरह से प्रतिस्पर्धा.... साथ ही दान पुण्य धर्म आस्था और एक ही दिन में सब कुछ? दरअसल चौराहों से चौपालों, गली मोहल्लों सहित अन्य जगह जगह हरा चना,चारा और आस पास गोवंश झुंड और इधर उधर फैला चारा ही चारा... इस दौरान बार बार जाम और यातायात व्यवस्था.... वहीं मन्दिरों में देव दर्शन , तिल, चावल, गुड़ चढ़ाने के बाद बाहर बैठे भिक्षुक और दान पुण्य... जबकि नए साल से भिक्षा मांगना और देने वालों को भी दंड, सजा... पर परंपरा हैं स्नान ध्यान और दर्शन के बाद दान पुण्य धर्म आस्था.... इधर बातचीत में भैया महाकुंभ में आज लाखों / करोड़ों डुबकी... धर्म आस्था और श्रद्धा भाव संस्कार संस्कृति और जीवन पथ के लिए आस्था व विश्वास जरूरी लेकिन सवाल वही कि एक ही दिन में क्यों इस तरह टूट पड़ते, गो माता की सेवा तो धार्मिक कर्तव्य, फिर रोज क्यों नहीं.... इधर आसमान पर इतराती, इठलाती विभिन्न रंग, साइज में पतंगे और हर आयु वर्ग के लोगों में उल्हास उत्साह और क्रेज हालांकि हर त्यौहार की तरह महंगाई और युवा सोच, पढ़ाई, लिखाई व अन्य व्यस्तताओं के चलते वो दो, तीन दशक पूर्व जैसा माहौल भूले बिसरे..... खैर बात, शीर्षक क्या था और हम जन भावनाओं में कहा खो गए.... चौराहा पर दद्दा बोले भैया धर्म आस्था और श्रद्धा भाव के साथ ही दान पुण्य हर धर्म मानव एक तरह से जीवन शैली का हिस्सा लेकिन मेरा निजी मत मध्यम, गरीब, वंचित वर्ग देव स्थानों की कतारों से लेकर, कुंभ मेला हो या फिर कोई भी धार्मिक, सामाजिक, भजन, भंडारे या फिर साधु संत ढेरा, प्रवचन अन्य मौके अगर यह वर्ग शामिल ना हो तो आयोजन सफलता?... .... साथ ही बातचीत, चर्चा, बहस धर्म, समाज, ठेकेदार, राजनीति और ना जाने कहां कहा पहुंच गई.... सच्चाई / हकीकत उपरोक्त वर्ग ही नहीं तो साधन संसाधन और समृद्ध वर्ग की तो आजकल अलग ही दुनिया, फार्म हाउस, पिकनिक, होटल, रेस्टोरेंट, पब, चाय कैफे सुस्टा बार आदि.... भटक भटक और ना।

संविधान यात्रा / राजनीति राष्ट्रीय त्यौहार के एक दिन बाद पुरानी पार्टी और युवराज के साथ ही संगठन दिग्गजों , सेक्युलर विचारधारा / जमावड़ा.... लिहाजा इन दिनों चौक चौराहों से चौपालों तक सार्वजानिक तौर पर इसी आयोजन और राजनीति / रणनीति, भविष्य को लेकर पक्ष, विपक्ष बहस चिंतन मनन और अपनी अपनी बातें, तर्क, इस दौरान तल्खी, नरमी भी... इधर कभी गढ़ अब पांच अंकों की दूरी.... और क्षेत्र में नेतृत्व संकट... जानकारों का देश, प्रदेश में कितना लाभ, ध्रुवीकरण किंतु यहां से महानगर और आस पास दरी, झंडे बैनर? और भी बहुत कुछ हैरत भरा, पर संवेदनशीलता के साथ फिलहाल रुकते हैं।

### चाइनीज मांझा

जिम्मेदारों की तमाम कोशिश कवायद के बावजूद पतंगबाजी और चाइनीज मांझा खुले आम उपलब्धता.... इस धंधे में दर्जन भर कतिपय और सख्ती और मांग पूर्ती माहौल के बीच पखवाड़े में ही डेढ़ खोके का खेल चौक चौराहों पर सुनाई दे रहा है।



# 12 करोड़, 70लाख की लागत से बेका तालाब का शुभारंभ

**महू।** मंगलवार को विधायक उषा ठाकुर के प्रयासों से 12 करोड़ 70 लाख की लागत से बहु प्रतीक्षित बेका तालाब के शुभारंभ मकर संक्रांति के पावन पर्व पर किया गया । इस मौके पर विधानसभा क्षेत्र के नेता , कार्यकर्ता वरिष्ठ जन बूथ अध्यक्ष,मंडल पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी तिल गुड़ खिचड़ी के साथ पर्व मनाकर तालाब का शुभारंभ किया। साथ ही जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किए। इस अवसर विधायक उषा ठाकुर ,वरिष्ठ नेता दिनेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष रूपेश वाघमोरे ,वरिष्ठ नेता विरेन्द्र आंजना रामचन्द्र यादव, गेंदालाल जाधव, मंडल अध्यक्ष संजय मिणा, यूवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आर.डी भाई जनपद सदस्य उमेश ओंसारी एवं सभी जनपद सदस्य सरपंच जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ओर ग्रामीण जन उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बी.के कौशल ने दी ।

## गायों को गुड़ व चारा खिलाया



**महू।** लिनेस क्लब चाँदनी की अध्यक्ष किरण शुक्ला के नेतृत्व में मकर सक्रांति के उपलक्ष में सनातन धर्म अनुसार गायों को चारा व गुड़ खिलाया गया, और गायों की रक्षा का संकल्प लिया गया।इस कार्यक्रम में ज्योति यादव,रिचा तिवारी,अर्पिता तिवारी,पूजा श्रीवास,मीनू श्रीवास, रश्मि श्रीवास,बिंदु संगीता गोस्वामी का सहयोग रहा।

## जागरूकता शिविर लगा महिलाओं को दी अधिकारों की जानकारी

**इंदौर(नप्र)।** स्थानीय कृष्णबाग में महिला जागरूकता शिविर आयोजित कर वन स्टाप सेंटर और जिला महिला सशक्तीकरण केंद्र ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और सहायता सेवाओं की जानकारी दी। वन स्टाप सेंटर की कार्यकर्ता मधुबाला हल्दी के अनुसार अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, उन्हें सुरक्षा, कानूनी सहायता, सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना है।







# पूर्व योद्धा दिवस के साथ ही लोहड़ी पर्व भी मनाया

## सैन्य व पूर्व आर्मी अधिकारियों के साथ ही परिजन भी शामिल हुए

**महू।** पूर्व योद्धा दिवस के साथ ही पंजाबी समाज का मुख्य पर्व लोहड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ईसीएचएस पॉलिक्लीनिक में बड़ी संख्या में सैन्य अधिकारियों के साथ ही परिवारजन एकत्रित हुए ।साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं व जागरूकता के तहत ह्रदयघात में सीपीआर डेमो, ह्रदय घात पर तुरंत दवाइयों का वितरण ,संतुलित आहार पर व्याख्यान भी हुआ। वहीं वीरता पुरूस्कार से सम्मानित पूर्व सैनिकों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। साथ में मालवा के प्रसिध्द चाय- पोहे - जलेबी का नाश्ता किया गया। इस आयोजन में 200 पूर्व सैनिक एवं ॉ२ लाभार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर ब्रिगेडियर ज्योति प्रकाश ,कमांडेंट मिलिट्री हॉस्पिटल महु,कर्नल माहर, लेफि्टनेंट जनरल माधव दातार ( सेवा निवृत्त) एवं लेफि्टनेंट कर्नल आशीष मंगरूलकर ऑफिसर इंचार्ज एउल्हर भी उपस्थित थे।



# हम फाउंडेशन समर्पण शाखा के तत्वाधान में बच्चों को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित किया

**महू।** स्वामी विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष में हम फाउंडेशन समर्पण शाखा के तत्वधान में अध्यक्ष रीना सैनी के नेत्रत्व में एक्वा प्वाइंट उमरिया में बच्चों के साथ स्वामी विवेकानन्द जी की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पण कर कार्यक्रम किया गया वा बच्चो को स्वल्पाहार कराया गया स्वामी विवेकानन्द जी के स्लोगन बोले गए उपध्याक्ष संगीता तम्बोली द्वारा बच्चों को स्वामी विवेकानन्द जी के नारे के द्वारा उठो, जागो, स्वयं जागकर औरों को जगाओ। अपने नर-जन्म को सफल करो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये और बच्चों को प्रेरित किया की स्वामी विवेकानन्द जी के आदर्श और उनके सिद्धांतों से प्रेरणा ले।

इस मौके पर उपस्थित सदस्य सजनी कलोसिया,अनुराधा अग्रवाल,रीना सैनी, संगीता तंबोली,अशोक धोलपुरे,ब्रजलता विजयवर्गीय,विशाखा नीम,पुनिता बड़गे,संजय बड़गे,स्तुति अग्रवाल रहे।

## मकर संक्रांति पर जैन समाज की पहल

**इंदौर(नप्र)।** इंदौर में मकर संक्रांति के अवसर पर एक सराहनीय पहल की गई। दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में अग्रसेन नगर महिला मंडल ने मंदिर के पुजारियों और व्यास का विशेष सम्मान किया। कार्यक्रम में पुजारी वीरेंद्र जैन, राजेश जैन और हरीश व्यास को मोती माला पहनाई गई तथा सम्मान निधि और मिठाई भेंट की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विदुषी उषा पाटनी थीं। मंडल की अध्यक्ष शीतल बक्षी और सचिव नूतन पाटौदी ने अतिथियों का स्वागत किया। पाटनी ने अपने संबोधन में कहा कि पुजारी और व्यास हर मौसम में सबसे पहले मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं के लिए पूजा-अभिषेक की व्यवस्था करते हैं। उन्होंने महिला मंडल के इस अनुकरणीय कार्य की सराहना की। जिनालय ट्रस्ट के अध्यक्ष भूपेंद्र जैन और कार्याध्यक्ष डॉ. जैनेंद्र जैन ने इस पहल को एक नई परंपरा की शुरूआत बताया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शहर के अन्य महिला मंडल भी इससे प्रेरणा लेकर अपने क्षेत्र के मंदिरों में कार्यरत पुजारियों का सम्मान करेंगे। कार्यक्रम में अंतिम गंगवाल, किरण पाटोदी, मीना शाह सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

रणजीत टाइम्स

## साबु उत्पाद के भाव

**साबूदाना** सच्चासाबु एगमार्क 500 ग्राम 6,200 प्रति क्विंटल साबूदाना चक्र एगमार्क 500 ग्राम 6,080 प्रति क्विंटल साबूदाना सच्चामोती एगमार्क 500 ग्राम 5,880 प्रति क्विंटल साबूदाना गोपाल लूज 25 किलो 5,460 प्रति क्विंटल साबूदाना पापड़- नारियलबूर्रा- हल्दी फाउडर साबूदाना-पापड़-कायन्स सच्चासाबु 500 ग्राम 114 प्रति किलो नारियल-बूर्रा अल्पाहार 500 ग्राम 301 प्रति किलो सेलम-हल्दी-पाउडर अल्पाहार एगमार्क 500 ग्राम 184 प्रति किलो मीलेट्स झ्र श्रीधान्य श्रीधान्य- कुकरीजॉकी मीलेट लिटिल मोरधन 500 ग्राम 101 प्रति किलो श्रीधान्य- कुकरीजॉकी मीलेट कोदो कोदरा 500 ग्राम 82 प्रति किलो श्रीधान्य- कुकरीजॉकी मीलेट फिंगर रागी 500 ग्राम 52 प्रति किलो मखाना-फरियाली आटा फॉक्सनट-मखाना अल्पाहार 100 ग्राम 1,360 प्रति किलो ग्लुटेनमुक्त फरियाली आटा सच्चासाबु 500 ग्राम 116 प्रति किलो।

## सेंसेक्स 169 अंक ऊपर 76,499 पर बंद

मुंबई। बीते चार सेशन में लगातार गिरावट के बाद शेयर बाजार में आज यानी मंगलवार (14 जनवरी) को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 169 की तेजी के साथ 76,499 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी तेजी रही, ये 90 चढ़कर 23,176 पर बंद हुआ।

इए स्मॉलकैप 854 ऊपर 51,396 के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि इए मिडकैप में इससे ज्यादा तेजी रही, ये 902 अंक की तेजी के साथ 43,297 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 16 में गिरावट और 34 में तेजी रही।


## अमेरिका में मंडरा रहा है टिकटॉक पर बैन का खतरा!

नई दिल्ली। रुपए के कमजोर होने से टीवी, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, और रेफ्रिजरेटर जैसी टिकाऊ उत्पादों की कीमतों में मार्च तक बढ़ोतरी की संभावना है। इन उत्पादों के मुख्य पुर्जे विदेश से आयात होते हैं और रुपए के कमजोर होने से इन पुर्जों की लागत बढ़ सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार कंपनियां इन उत्पादों के लिए 30-40 फीसदी तक के मुख्य पुर्जे विदेश से आयात करती हैं। जबकि रुपए की गिरावट से यही पुर्जे महंगे हो सकते हैं, जिससे उत्पादों की कीमतें भी बढ़ सकती हैं।

## डाबर च्यवनप्राश ने रोग प्रतिरोधक क्षमता अभियान शुरू किया

इंदौर। सर्दी का मौसम किसे अच्छा नहीं लगता लेकिन जब इस सर्दी में खांसी, जुकाम एवं श्वांस संबंधी बीमारियाँ हो जायें तो सर्दी का मजा फीका पड़ जाता है। आमतौर पर ये बीमारियाँ तापमान में होने वाले बड़े बदलाव एवं बदलते मौसम में किसी भी व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के कम हो जाने के कारण होती हैं। ऐसे में हजारों वर्षों से प्रसिद्ध, लाखों-करोड़ों लोगों द्वारा सफलतापूर्वक आजमाया हुआ आयुर्वेदिक उत्पाद च्यवनप्रास काफी राहत देता है। डाबर इंडिया लिमिटेड के ब्यास आनंद, हेड सीएसआर एवं कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन , डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा डाबर च्यवनप्राश 100 से अधिक वर्षों से हर भारतीय को सबसे मजबूत प्रतिरक्षा प्राप्त करने में मदद के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल इस प्रतिबद्धता की दिशा में एक छलांग है। हम शीत लहर के बारे में चिंतित हैं जो हर साल कई जान ले लेती है।

**किराना।** शक्कर 3820-3870, खोपरा गोला 160-210, खोपरा बूरा 3400-5600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 292-305, ऊंझा हल्का 292-300, मीडियम 308-316, बेस्ट 325-335, हल्दी निजामाबाद 175-200, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 110-120, मीडियम 190-250, बेस्ट 285-310, सौंफ बारि्क 200-350, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-680, गरबल 655-658, मटरदाना 715-730, खसखस अनक्लीन 825-875, क्लीन 1050-1225, दालचीनी 250-260, जायफल 725-750, बेस्ट 750-760, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1800-1900, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 750-780, बेस्ट 780-820, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2350-2450, मीडियम 2750-2950, बोल्ड 3100-3200, एक्ट्रा बोल्ड 3225-3250, पानबार 2250, बड़ी इलायची 1680-1975, बेस्ट 2050-2150, तरबूज मगज 390-400, बेस्ट 575-625, काजू (240) 975-1050, काजू (320) 875-900, काजू एस. डब्ल्यू 840-875, जे.एच. 865-885, टुकड़ी 840-850, बादाम मगज 840-850, सिंगापुरी 775-785, अखरोट 450-650, जदार्लु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450,



मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4600 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2250-2350, (160) 2750-2800, (200) 2950-3000, (250) 3200-3250 ।

रात की धारणा :- गुजरात लुज 1550, मुम्बई पाम 1419, मुम्बई सोया 1390।

खली :- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2250, देवास-उज्जैन 2250, खंडवा-बुरहानपुर 2225, अकोला 3600 (प्रति क्वि्टल) ।

तिलहन :- सरसो 5700-5900, एवरेज 5500-5600, रायडा 5800-6000, सोयाबीन 4200-4250, टोली (महुआ बीज) 4300-4350, करंज 4250-4300, अलसी 7500-7600, दलहन :- चना कांटेवाला बेस्ट 6600-6650, एवरेज 6500-6550, विशाल 6350-6400, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 5950-6000, एवरेज 5900-5950, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, नई तुअर 7000-8400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 8900-9000, एवरेज 8700-8800, हल्की 8300-8500, तुअर महाराष्ट्र 9400-9600, उड़द बेस्ट 8700-8800, एवरेज 8600-8650, शंकर 8300-8400, हल्की 8000-8100।

दाल :- चना दाल एवरेज 8200-8300, मीडियम 8400-8500, बोल्ड 8600-8700, तुअर दाल सवा नं. 13200-13300, तुअर दाल फूल 14300-14400, तुअर दाल बोल्ड 15100-15200, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, बेस्ट 7700-7900, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9300-9500, मूंग मोगर 9800-9900, बोल्ड 10000-10100, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400।

अनाज :-गेहूं मिल क्वालिटी 2875-2900, लोकवन 3100-3150, (147) 2900-3000, एवरेज 2700-2800, मालवराज 2975-3000, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3400-4000, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2375-2400।

चावल :- चावल हंसा सफेद 2800-3000, सेला 3400-3600, परमल 3200-3400, दुबराज 4500-5000, राजभोग 6500-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8000-9000, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-7000, तिबार 9500-10500, बासमती (921) 11000-12000, बासमती सेला 7000-9500, पोहा 4700-5100।

मावा- इन्दौर 320, उज्जैन 260, रतलाम 250 रू. प्रति किलो।

बड़ी खबर! वाणिज्य मंत्रालय का बड़ा कदम

# 173 लाख करोड़ रुपए के ग्लोबल बिजनेस के लिए करेगी भारतीय कंपनियों की मदद

नई दिल्ली। अनुमान के अनुसार, वैश्विक ई-कॉमर्स निर्यात 2030 में 2,000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जो अभी 800 अरब डॉलर है। इस माध्यम से भारत का निर्यात चीन के सालाना 250 अरब अमेरिकी डॉलर (22 लाख करोड़ रुपये) की तुलना में केवल पांच अरब अमेरिकी डॉलर याने लगभग 43 हजार करोड़ रुपये है। ई-कॉमर्स निर्यात में अग्रणी चीन, ई-कॉमर्स के लिए निर्यात केंद्रों में भी अग्रणी है। इससे चीन का निर्यात 2023 में उसके कुल




व्यापारिक निर्यात का 6.4 प्रतिशत है। विदेश व्यापार नीति-2023 में ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र स्थापित करने की मंशा तथा रूपरेखा स्पष्ट की गई है।

वाणिज्य एवं राजस्व विभाग देश में ई-कॉमर्स निर्यात केंद्रों के संचालन को सक्षम बनाने के लिए नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के साथ मिलकर एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार कर रहा है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।


अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय ने इन केंद्रों की स्थापना के लिए डीएचएल, लेक्सशिप, गोग्लोकल, शिपरॉकेट और कार्गो सर्विस सेंटर के पांच आवेदनों को पहले ही मंजूरी दे दी है। डीएचएल को बेंगलुरु का काम सौंपा गया है।

## वी ने लॉन्च किया ट्रूली अनलिमिटेड डेटा प्लान

मुंबई । आज की हाइपरकनेक्टेड दुनिया में बिना रूकावट के डेटा का एक्सेस बेहद जरूरी हो गया है। काम से लेकर पढ़ाई, स्वास्थ्य, मनोरंजन, जीवनशैली तक मोबाइल डेटा आज हर काम के लिए जरूरी है, ऐसे में चिंतामुक्त और भरोसेमंद डेटा की मांग पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गई है। इसी जरूरत को पूरा करने के लिए भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज देश के पहले ट्रूली अनलिमिटेड डेटा प्लान नॉन-स्टॉप हीरो के लॉन्च की घोषणा की है। प्रीपेड उपभोक्ताओं की डेटा कोटा संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया नॉनस्टॉप हीरो प्लान वैलिडिटी की पूरी अवधि के दौरान चिंतामुक्त डेटा का अनुभव प्रदान करेगा। भारत डेटा में बदलाव के दौर से गुजर रहा है। हाल ही में सेंटर फॉर डिजिटल इकोनॉमी एण्ड पॉलिसी रीसर्च द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में पिछले दशक के दौरान डेटा की खपत 288 गुना बढ़ गई है।

# टू-व्हीलर्स ने भरा फर्राटा, वाहनों की थोक बिक्री 2024 में 12% बढ़ी

नई दिल्ली। सकारात्मक उपभोक्ता धारणा के दम पर वर्ष 2024 में वाहन विनिर्माताओं से डीलरों को वाहनों की थोक बिक्री



12 प्रतिशत बढ़ गई जिसमें दोपहिया वाहनों की मजबूत मांग की अहम भूमिका रही। उद्योग निकाय सियाम ने मंगलवार को यह बात कही। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बयान में कहा कि पिछले साल सभी वाहन खंडों की कुल थोक बिक्री 2,54,98,763 इकाई रही, जो 2023 के 2,28,39,130इकाई की तुलना में 11.6 प्रतिशत अधिक है।

देश में वाहन विनिर्माता कंपनियों के शीर्ष संगठन सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा, वर्ष 2024 वाहन उद्योग के लिए काफी अच्छा साल रहा। सकारात्मक उपभोक्ता धारणा और देश की व्यापक आर्थिक स्थिरता ने विभिन्न वाहन खंड में इस क्षेत्र के लिए उचित वृद्धि को बढ़ावा देने में मदद की। उन्होंने कहा कि पिछले साल की बिक्री वृद्धि में दोपहिया वाहन खंड की प्रमुख हिस्सेदारी रही।दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 2023 की तुलना में पिछले साल 14.5 प्रतिशत बढ़ गयी। बयान के मुताबिक, स्कूटर एवं मोटरसाइकिल की थोक बिक्री वर्ष 2024 में 14.5 प्रतिशत बढ़कर 1,95,43,093 इकाई हो गई ।